अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 31 अक्तूबर 2022
कार्तिक शुक्ल सप्तमी
विक्रम संवत-2079

गाजियाबाद की सुहानी ने छह में चार मैच जीते

69वीं यूपी स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता में लखनऊ के दिव्यांश और वीर ने दो-दो मुकाबले जीते

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज में चल रही 69वीं यूपी स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को फाइनल मैच खेले गए। गाजियाबाद की सुहानी महाजन, लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव और वीर बाल्मीकि पूरी प्रतियोगिता में छाए रहे। आगरा के मौलिक चतुर्वेदी, प्रयागराज के आर्यन कुमार, वाराणसी की अनोखी केसरी और गोरखपुर की साक्षी तिवारी ने भी खिताब जीते।

पुरुष वर्ग में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, महिलाओं में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की ही दिशा को एक तरफा 3-0 से हराया। अंडर-19 यूथ बालक वर्ग में भी दिव्यांश श्रीवास्तव ने गौतमबुद्ध नगर के अक्षत त्यागी को 3-1 से हराया किया। बालिका वर्ग में सुहानी महाजन ने गाजियाबाद की आरती चौधरी को 3-0 से हराया। अंडर-17 जूनियर बालक वर्ग में आगरा के मौलिक चतुर्वेदी ने गाजियाबाद की अर्निस बाना को 3-1 से हराकर प्रतियोगिता जीती। बालिका वर्ग में एक बार फिर गाजियाबाद की सुहानी महाजन 3-0 से विजय रहीं। उन्हीं के शहर की अनिका गुप्ता उपविजेता रहीं। अंडर-15 सब जूनियर बालक वर्ग में प्रयागराज के आर्यन कुमार ने लखनऊ के वीर बाल्मीकि को एकतरफा 3-0 से मात दी। बालिका वर्ग में अवनी त्रिपाठी को 3-0 से हराकर सुहानी महाजन विजयी रहीं। अंडर-13 कैडेट बालक वर्ग में वीर बाल्मीकि ने सब जूनियर वर्ग में हार का बदला लेते हुए आर्यन कुमार को 3-1 से हराया। बालिका वर्ग में वाराणसी के अनोखी केसरी ने गाजियाबाद की कनिष्का को 3-1 से हराया। अंडर-11 होप्स बालक वर्ग में लखनऊ के वीर बाल्मीकि ने अपने शहर के देव त्रिपाठी को 3-0 से हराया। बालिका वर्ग में गोरखपुर की साक्षी तिवारी ने आगरा की अंशिका मिश्रा को 3-1 से मात दी और प्रतियोगिता जीती।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि एडीजी बरेली जोन राजकुमार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कहा कि खेल हमें जीत-हार का महत्व समझाता है, आगे बढ़ने का मौका देता है। एसआरएमएस ट्रस्ट चेयरमैन देवमूर्ति ने भी विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए शुभकामनाएं दीं। विजेताओं को एसआरएमएस ट्रस्ट के अलावा यूपी टेबल टेनिस एसोसिएशन, स्टैग इंटरनेशनल, निहाल सिंह मेमोरियल, विवेक प्रसाद मेमोरियल की ओर से भी पुरस्कार दिए गए।

इस मौके पर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव डॉ दीपेंद्र कमथान, टूर्नामेंट के निदेशक एनके लेहरी, चीफ रेफरी अमित सिंह, डिप्टी रेफरी आकाश यादव, ऑल इंडिया टीटी जूनियर के चयनकर्ता पराग अग्रवाल, सोवन मेहंती, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, खेल अधिकारी नितिन सक्सेना व शंकर पाल गंगवार मौजूद रहे।

एडीजी ने किया समापन, विजेता खिलाड़ियों को बांटे इनाम

टेबल टेनिस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों के एडीजी राजकुमार। संवाद